卐 श्री सद्‌गुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐 जय बाबा की卐卐 श्याम बाबा卐 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
Happy Diwali
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

ॐशरवणभवय卐 ॐशरवणभवय卐 ॐशरवणभवय卐 ॐशरवणभवय卐

♦वर्ष 26 ♦अंक 14 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦20 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया




# सीएम ने दिवाली पर आपदा पीड़ितों का जाना हाल

## मझाड़ा गांव पहुंचे मुख्यमंत्री धामी, पुनर्निर्माण कार्यों का लिया जायजा, प्रभावितों को हरसंभव मदद का भरोसा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को देहरादून के सहस्त्रधारा क्षेत्र स्थित मझाड़ा गांव का दौरा कर आपदा प्रभावितों से मुलाकात की और प्रभावित क्षेत्र में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। त्योहारी सीजन के बीच भी मुख्यमंत्री ने जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए मौके पर पहुंचकर प्रभावित परिवारों का हालचाल जाना और उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने आपदा से हुए नुकसान की गंभीरता को देखते हुए राहत और पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी





ली। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पुनर्निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, ताकि प्रभावित परिवार जल्द से जल्द अपने जीवन को पुनः व्यवस्थित कर सकें। आपदा प्रभावित परिवारों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा के समय पीड़ितों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और राहत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। हमारे लिए जनकल्याण और जनसेवा सर्वोपरि है। आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। राहत और पुनर्निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरती जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक प्रभावित परिवार को शीघ्र और पर्याप्त सहायता मिले तथा उनका जीवन सामान्य गति से चल सके। मुख्यमंत्री के दौरे और संवेदनशील रुख को देखते हुए स्थानीय लोगों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। जनता ने कहा कि मुख्यमंत्री का मौके पर पहुंचना उनके लिए संबल देने वाला कदम है, जिससे यह विश्वास बढ़ा है कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर है।



# 'वोकल फॉर लोकल' की परिकल्पना को साकार कर रहा स्वदेशी दिवाली मेला: भट्ट

## सांसद अजय भट्ट और विधायक अरोरा ने की मेले के सफल आयोजन की सराहना

रुद्रपुर(उद संवाददात)। नगर निगम की ओर से गांधी पार्क में बीते छह दिनों से चल रहे स्वदेशी दिवाली मेले में रविवार शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ पूर्व केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन मंत्री तथा सांसद अजय भट्ट और विधायक सराबोर नजर आया। मेले में पहुंचने पर महापौर विकास शर्मा ने सांसद भट्ट एवं विधायक शिव अरोरा का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने मेले के सफल आयोजन के लिए उपलब्ध करा रहा है बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'वोकल फॉर लोकल' की परिकल्पना को धरातल पर साकार कर रहा है। भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में गरीब और वंचित वर्ग का जीवन स्तर लगातार बेहतर हुआ है। है।उन्होंने कहा कि दिवाली जैसे पर्वों पर शहर में जाम की समस्या आम बात है। इस पहल से लोगों को राहत मिलने के साथ ही व्यवस्थित व्यापारिक माहौल भी बना है। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने भी मेले की सराहना करते हुए बढ़ेगी और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई ताकत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की योजनाएं गरीब और छोटे वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। आज देशभर में स्वदेशी उत्पादों को जगह-जगह फड़ लगाकर व्यापार करने को मजबूर होते थे, जिससे जाम और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होती थी।महापौर ने कहा कि सात दिवसीय यह मेला गरीब तबके की आवश्यकताओं को पूरा करने के







शिव अरोरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मेले के मंच को जीवंत बना दिया। पूरा गांधी पार्क दीपावली की रौनक और उत्साह से महापौर विकास शर्मा और नगर निगम की पूरी टीम को बधाई दी। महापौर विकास शर्मा ने छोटे व्यापारियों और ठेली-फड़ व्यवसायियों के हित में एक ऐतिहासिक पहल की है। यह आयोजन न केवल गरीब और छोटे व्यापारियों को बाजार प्रधानमंत्री स्वनिधि जैसी योजनाएं छोटे व्यापारियों के जीवन में रोशनी बन रही हैं। इस प्रकार के मेलों से उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलता है। साथ ही स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग को मजबूती मिलती कहा कि यह मेला न केवल व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी बेहद अहम है। छोटे दुकानदारों और गरीब तबके के लिए इस प्रकार का मंच बहुत मायने रखता है। इससे उनकी आमदनी अपनाने की लहर चल रही है और रुद्रपुर का यह मेला उस आंदोलन का हिस्सा बनकर छोटे कारोबारियों को मजबूती प्रदान करेगा।महापौर विकास शर्मा ने इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन, व्यापारियों और नगर निगम टीम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप नगर निगम छोटे व्यापारियों और फड़ वालों को मजबूत बनाने का कार्य कर रहा है। पहले छोटे कारोबारी मुख्य बाजारों में साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों को व्यापक मंच दे रहा है। वेंडिंग जोन विकसित करने और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से हजारों छोटे व्यापारी लाभान्वित हुए हैं। इस योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। इस अवसर पर नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, राजन राठौर, पारस चुघ, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, विजय तोमर आदि सहित तमाम लोग मोजूद थे।

# गाय जब तक दूध देती है तब तक ममता और फिर सड़क पर बेसहारा,आखिर कब जागेगी संवेदना?

शक्तिफार्म। नगर की गलियों, सड़कों और बाजारों में इन दिनों बेसहारा और लाचार गौवंशीय पशुओं की बढ़ती तादाद समाज की संवेदनहीनता पर गहरी चोट कर रही है। ये वही गायें और भैंसें हैं, जिन्होंने वर्षों तक अपने दूध से घरों के चूल्हे जलाए बल्कि बच्चों को पोषण भी दिया ,मगर जब उनका दूध सूख गया, तो उनके मालिकों ने मानो रिश्ता भी तोड़ लिया। अब वही पशु बेघर होकर सड़कों पर धक्के खा रहे हैं, कचरा खा रहे हैं और दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह नजारा रोज का हो चला है। कहीं कोई गाय सड़कों के किनारे पॉलिथीन खाते दिखाई देती है तो कहीं कोई घायल बैल किसी छाँव की तलाश में भटकता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि ये बेसहारा पशु अब नगर की सड़कों पर जाम और हादसों का सबब बन रहे हैं। शाम के समय जब दृश्यता कम होती है, तो अचानक सड़क पर आ जाने से कई वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते हैं। ग्रामीण इलाकों के किसानों के लिए ये आवारा पशु किसी अभिशाप से कम नहीं। जैसे ही खेतों में फसलें लहलहाने लगती हैं, रात के अंधेरे में यही पशु खेतों में घुसकर महीनों की



## कचरे में पॉलिथीन खाते नजर आते हैं पशु

शक्तिफार्म के कई हिस्सों में बेसहारा पशु खुले में बिखरे कचरे में पॉलिथीन खाते नजर आते हैं। यही पॉलिथीन उनके पेट में जाकर मौत का कारण बनती है। यह दृश्य न केवल प्रशासन के लिए चुनौती है बल्कि मानवता के लिए कलंक भी। समाज की संवेदना की जरूरत यह केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि मानवीय जिम्मेदारी का प्रश्न है। जब तक हम इन मूक जीवों को अपने परिवार का हिस्सा नहीं मानेंगे, तब तक सड़कों पर भटकते ये असहाय पशु हमारी संवेदनहीनता का आईना बने रहेंगे। अंत में सवाल वही है,कि क्या इन मौन जीवों की पीड़ा सुनने वाला कोई है? क्या हमारा समाज केवल तब तक ही "गौ-प्रेमी" रहेगा जब तक गाय दूध देती रहेगी?अब समय है कि हर नागरिक, हर संस्था और हर पशुपालक जागे क्योंकि संवेदना की यह परीक्षा अब और टाली नहीं जा सकती।

मेहनत पर पानी फेर देते हैं। किसान चौकीदारी करने को मजबूर हैं, पर नतीजा वही , नुकसान है। कानून तो है, पर पालन नहीं है। पशुपालन विभाग के अनुसार, जो पशुपालक अपने पालतू पशुओं को सड़कों पर छोड़ते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है, परंतु जमीनी स्तर पर इस कानून का पालन न के बराबर होता है। स्थानीय समाजसेवियों व सामाजिक कार्यकर्ताओ का कहना है,कि जब तक हम इन्हें उपयोगी समझते हैं, तब तक सेवा करते हैं, और जैसे ही दूध देना बंद हुआ, छोड़ देते हैं। यह केवल अमानवीयता नहीं, बल्कि पाप है। ऐसे पशुपालकों पर सख्त कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए। उनका कहना है कि नगर पंचायत को स्थायी गौशाला या पशु आश्रय गृह बनवाना चाहिए, जहां इन बेसहारा पशुओं को सुरक्षित ठिकाना मिल सके। साथ ही आम नागरिकों को भी आगे आकर इनकी देखभाल में सहयोग देना चाहिए।

# तीन चरणों में होगी राज्य स्तरीय संस्कृत स्पर्धा

किच्छा (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय संस्कृत स्पर्धा के लिए इस बार जनपद उधम सिंह नगर के लिए अंकित पाण्डे को जिला संयोजक तथा महेन्द्र कुमार को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। श्री पाण्डे वर्तमान में श्री कृष्ण मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज, किच्छा में कार्यरत हैं, जबकि महेन्द्र कुमार जनता इंटर कॉलेज, रुद्रपुर में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। श्री पाण्डे ने बताया कि इस वर्ष भी स्पर्धा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। खंड स्तर पर प्रतियोगिताएँ 11 और 12 नवम्बर को आयोजित होंगी, जनपद स्तर पर 21 और 22 नवम्बर को तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 3 और 4 दिसम्बर को संपन्न होगी। इस प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग के अंतर्गत कक्षा 6 से 10 तक और वरिष्ठ वर्ग के अंतर्गत कक्षा 11 से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिताओं में संस्कृत नाटक, समूह गीत, समूह गान, वाद-विवाद, आशुभाषण और श्लोकोच्चारण जैसी विविध विधाओं को शामिल किया गया है। श्री पाण्डे ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि जागृत करती है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी सशक्त करती है। संस्कृत भाषा हमारी संस्कृति की आत्मा है और इस प्रकार के आयोजन छात्रों में भाषा के प्रति सम्मान और गौरव की भावना विकसित करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी खंड संयोजकों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से अधिकाधिक विद्यार्थियों को प्रतिभाग हेतु प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि जिले के सभी खंडों में संयोजक नियुक्त कर दिए गए हैं, जो खंड स्तर की प्रतियोगिताओं का सफल संचालन सुनिश्चित करेंगे। संस्कृत स्पर्धा की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं और विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में इसे लेकर उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल मंच मिलेगा, बल्कि वे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को भी गहराई से आत्मसात कर सकेंगे

# महाविद्यालय में आयोजित हुई भव्य फ्रेशर पार्टी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर के व्यवसाय प्रशासन विभाग (बी.बी.ए.) द्वारा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। दीप प्रज्वलन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अवधेश नारायण सिंह, बी.बी.ए. विभाग के समन्वयक प्रो. भरत सिंह, प्रो. सर्वजीत सिंह, डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा, तथा डॉ. कमला बोरा द्वारा किया गया। इसके पश्चात प्रो. भरत सिंह ने स्वागत भाषण देकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद मंच पर छात्र-छात्राओं ने गायन, नृत्य व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। प्रतिभागियों की कला और आत्मविश्वास की दर्शकों ने भरपूर सराहना की। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में हुए षमिस्टर एंड मिस फ्रेशरष प्रतियोगिता में विशाल शाह को मिस्टर फ्रेशर और खुशी राठौर को मिस फ्रेशर घोषित किया गया। चयन समिति द्वारा विभिन्न मापदंडों पर उनके व्यक्तित्व, प्रतिभा और प्रस्तुति का मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अवधेश नारायण सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने नवागंतुक छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और उन्हें महाविद्यालय की गरिमा बनाए रखने का आह्वान किया। इस भव्य आयोजन में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में प्रो. रविन्द्र सैनी, प्रो. हेमलता सैनी, विकार हसन खान, डॉ. इन्दुशेखर ममगाई, डॉ. गरिमा जयसवाल, डॉ. आरती शर्मा, डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ. मनी साहनी सहित बी.बी.ए. विभाग की समस्त फैकल्टी शामिल रही। कार्यक्रम में वर्तमान छात्रसंघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष चेतन भट्ट, सचिव जसवंत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व पूर्व छात्रसंघ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।





# ग्राम भीड़ापानी, नरतोला व खुजेटी की लोगों को बांटे फलदार पौधे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वृहद वृक्षारोपण की श्रृंखला में पर्यावरण विद व पूर्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. आशुतोष पंत द्वारा नैनीताल जिले के दूरस्थ क्षेत्र के खुजेटी पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में भीड़ापानी, नरतोला, खुजेटी गांवों के निवासियों को च्यूरा, आंवला, अनार के पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम में डॉ. जगदीश सती का विशेष सहयोग रहा जो पिछले 13 वर्ष से जोशयूडा के सरकारी चिकित्सालय में तैनात रहे हैं। कार्यक्रम सफलनबनाने में बीडीएस सदस्य रमेश सिंह पडियार, प्रधान दीपक चौसाली,इंद्र सिंह बिष्ट और जगमोहन रौतेला आदि द्वारा सहयोग किया गया। कभी का डा. पंत ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।







सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूड़ी, पूर्व सीएम डा. रमेश पोखरियाल निशंक एवं पूर्व सीएम हरीश रावत के आवास पहुंचकर दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनायें दी।





# भाजपा प्रदेश कार्यालय में धूमधाम से मनी दीपावली

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा दीपावली पर्व पर आयोजित पूजा-अर्चना में भी भाग लिया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, नरेश बंसल, विधायक सुरेश गढ़िया, खजान दास सहित अनेक विधायकगण, प्रदेश पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं संगठन के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। दीपावली के इस शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व प्रकाश, सद्भाव, समृद्धि और सकारात्मकता का प्रतीक है।मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि दीपावली का यह पर्व देश के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भी विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी लागू की गई है, जिससे देशभर में व्यापारिक वातावरण और अधिक सरल हुआ है। उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी आने से यह दीपावली "महा बचत उत्सव" के रूप में मनाई जा रही है, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ उपभोक्ताओं को भी बड़ा लाभ हुआ है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आह्वान किया है। आज भारत मात्र एक बड़ा बाजार नहीं रह गया है, बल्कि एक उभरती हुई वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि वर्ष 2028 तक भारत विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर प्रधानमंत्री के "वोकल फॉर लोकल" के संकल्प को आगे बढ़ाना चाहिए। यह न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा, बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप उत्तराखंड को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



# मुख्यमंत्री आवास पर बधाई देने प्रदेश भर से पहुंचे लोग

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास में मंत्रीगण, विधायकगण, भारतीय प्रशासनिक सेवा, पुलिस तथा वानिकी सेवाओं के अधिकारी गणों और प्रदेशभर से आए लोगों ने भेंट कर दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी आगंतुकों का अभिवादन करते हुए उन्हें तथा उनके परिवारजनों को दीपावली की मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी लोग इस पर्व को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आपसी सद्भाव के साथ मनाएं। उन्होंने प्रदेश की सतत विकास यात्रा में सभी नागरिकों से सहयोग का आह्वान किया है।



# थल सेनाध्यक्ष द्विवेदी ने की पिथौरागढ़ तथा उच्च हिमालयी क्षेत्रों में तैनात सैन्य इकाइयों की समीक्षा

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आज केंद्रीय सेक्टर के अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया।इस दौरे का उद्देश्य संचालनात्मक तैनाती का आकलन करना, सैनिकों का उत्साहवर्धन करना और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नागरिक-सैन्य संबंधों को सशक्त बनाना था।दौरे के दौरान थल सेनाध्यक्ष ने पिथौरागढ़ तथा आस-पास के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में तैनात सैन्य इकाइयों की समीक्षा की। उन्हें आधुनिक निगरानी प्रणालियों, विशेष गतिशीलता प्लेटफॉर्म, अगली पीढ़ी की तकनीकों के एकीकरण, टोही क्षमताओं के अनुकूलन और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय जैसे विभिन्न उन्नयन पहलों की जानकारी दी गई। जनरल द्विवेदी ने कठिन भू-भाग में तैनात सैनिकों की पेशेवर दक्षता, अनुशासन, रणनीतिक चतुराई और नवीन उपकरणों के प्रभावशाली उपयोग की सराहना की।दुर्गम क्षेत्रों में तैनात सैनिकों से बातचीत के दौरान उन्होंने उनके साहस, संकल्प और चरम मौसम स्थितियों में कर्तव्यनिष्ठ सेवा के प्रति प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने ष्सेवा परमो धर्मष की भावना को दोहराते हुए कहा कि भारतीय सेना हर प्रकार की सुरक्षा चुनौती का सामना करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है।जनरल द्विवेदी ने स्थानीय नागरिकों और पूर्व सैनिकों से भी मुलाकात की, उनके बलिदानों को नमन किया और सभी जवानों व उनके परिवारों को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं।उन्होंने कुमाऊँ क्षेत्र के रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया, विशेषकर नेपाल और चीन से लगती सीमा के संदर्भ में। उन्होंने स्थानीय देशभक्ति, साहस और कुमाऊँ रेजीमेंट की गौरवशाली विरासत की सराहना की।थल सेनाध्यक्ष ने ऑपरेशन सद्भावना और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत चल रही विकासात्मक पहलों की समीक्षा की। इनमें गर्ब्यांग और कालापानी में टेंट आधारित होमस्टे, सड़क अवसंरचना, हाइब्रिड पावर सिस्टम, चिकित्सा शिविर, और पॉलीहाउस के माध्यम से कृषि सहायता जैसे कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कुमाऊँ क्षेत्र में भारतीय सेना ष्संवेदना के साथ शक्तिष का प्रतीक है जो सीमाओं की रक्षा करते हुए सीमांत समुदायों को सशक्त बना रही है।अपने दौरे के समापन पर जनरल द्विवेदी ने संचालनात्मक उत्कृष्टता बनाए रखने, नागरिक-सैन्य समन्वय को और प्रगाढ़ करने तथा राष्ट्र सेवा की सर्वोच्च परंपराओं का पालन करने के लिए भारतीय सेना की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया।



# आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा 'आरोग्य का आधार' : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को यमकेश्वर के माला ग्राम में आयोजित 'प्रथम धन्वंतरि महोत्सव' में वर्चुअल रूप से सहभागिता की। उन्होंने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माला ग्राम में स्थापित 'हर्बल वर्ल्ड हिमालय श्री धन्वंतरि धाम' न केवल आयुर्वेद, बल्कि संपूर्ण प्राकृतिक चिकित्सा का विश्व का एकमात्र समग्र केंद्र होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह धाम भारत की प्राचीन आरोग्य परंपरा का जीवंत प्रतीक बनेगा, जहां ऋषि-मुनियों द्वारा प्रतिपादित स्वास्थ्य सिद्धांतों के साथ-साथ 09 प्रमुख चिकित्सा पद्धतियों और विश्व की लगभग 964 चिकित्सा विधाओं का अद्भुत समागम देखने को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह धाम आयुर्वेद, योग, औषधीय वनस्पतियों एवं समग्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण को प्रोत्साहन देने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद एक ऐसी प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है, जो मानव शरीर को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखने का कार्य करती है। उन्होंने उत्तराखंड को औषधीय संपदा और आयुर्वेद की प्रज्ञा भूमि बताया, जहां की जड़ी-बूटियां सदियों से आरोग्य का आधार रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयुष मंत्रालय की स्थापना के साथ ही आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा मिला है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'राष्ट्रीय आयुष मिशन' और 'प्रकृति परीक्षण अभियान' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देशभर में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार भी प्रदेश में आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार हेतु प्रतिबद्ध है। वर्तमान में प्रदेश में 300 से अधिक आयुष्मान आरोग्य केंद्र संचालित हैं। प्रत्येक जनपद में 50 व 10 बेड वाले आयुष चिकित्सालय स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही आयुष टेली-कंसल्टेशन सेवाएं शुरू करने और 50 नए योग एवं वेलनेस सेंटर स्थापित करने की दिशा में कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने हेतु घ10 लाख तक के अनुदान का प्रावधान किया गया है। वहीं, गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में एक-एक



स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन की स्थापना भी की जा रही है, जिससे राज्य में आयुर्वेदिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन को बल मिलेगा। कार्यक्रम में उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खण्डूड़ी भूषण, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और बाबा हटयोगी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


MANGLAM
HAPPY
Diwali
SWEETS | HAMPERS | CUSTOMISED GIFTINGS
www.manglamsweets.com


समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व, भैयादूज
एवं बंदी छोड़ दिवस की शुभकामनाएं
गोपाल सिंह राणा
विधायक, नानकमत्ता विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेम सिंह टुरना
अध्यक्ष
गौरव वर्मा
सभासद वार्ड 6
विशाल गोयल
सभासद वार्ड 3
सुरंजन राय
सभासद वार्ड 4
नगर पंचायत नानकमत्ता साहिब जिला उधमसिंहनगर


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व
व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
महेश गोयल 'बिट्टु'
तिरूपति भारत गैस
ग्रामीण वितरक
गुरुद्वारा रोड, नानकमत्ता


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व, भैयादूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय गोयल
अध्यक्ष
रविन्द्र यादव
महामंत्री
सुनील गर्ग
कोषाध्यक्ष
राईस मिलर्स एसोसिएशन, नानकमत्ता जिला उधमसिंहनगर


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व
व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास गुलाटी
मण्डल अध्यक्ष, नगर भाजपा मण्डल
नानमत्ता जिला उधमसिंहनगर


उमेश अग्रवाल
प्रदेश संगठन मंत्री, प्रान्तीय उद्योग व्यापार मण्डल
बजरंग राईस मिल, नानकमत्ता जिला उधमसिंहनगर


समस्त क्षेत्रवासियों
को दीपावली पर्व
व भैयादूज की
हार्दिक
शुभकामनाएं
गुरनाम सिंह
महामंत्री
उद्योग व्यापार मण्डल, नानकमत्ता
मधु राणा
जिला पंचायत सदस्य डोहरा


भुवन सिंह राणा
भाजपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सितारगंज एवं पूर्व
सदस्य जिला पंचायत नानकमत्ता जिला उधमसिंहनगर


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व
व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
के.एन.अटवाल
शिक्षक नेता एवं प्रधानाचार्य
प्रा0वि0 बंगाली कालोनी, नानकमत्ता


सुरेन्द्र सिंह करनावल
पूर्व ग्राम प्रधान, पचपेड़ा, नानकमत्ता एवं प्रदेश
महासचिव अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस उत्तराखण्ड


जगदीश अटवाल
ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत गिधौर
ब्लाक सितारगंज जिला उधमसिंहनगर


समस्त क्षेत्रवासियों
को दीपावली पर्व
व भैयादूज
की हार्दिक
शुभकामनाएं
जेल सिंह
जिलाध्यक्ष
किसान मोर्चा, नानकमत्ता
गोपाल सिंह राणा
विधायक
नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# कुपोषण और भुखमरी


विकास के तमाम दावों के समांतर दुनिया में आज भी करोड़ों लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। यह समझना मुश्किल है कि एक ओर कुछ देशों की अरबों-खरबों की अर्थव्यवस्था की बात हो रही है तो दूसरी ओर कई देशों में करोड़ों नागरिक आज भी भूखे पेट क्यों सो रहे हैं। क्या यह संसाधनों के असंतुलित बंटवारे से उपजी समस्या है? भुखमरी की समस्या को लेकर संयुक्त राष्ट्र की वित्तपोषित एजंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लूएफपी) की नई रपट विचलित करती है। इसके मुताबिक, दुनिया के छह देशों के एक करोड़ चालीस लाख लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच सकते हैं। समझा जा सकता है कि आज भी भूख और कुपोषण कितनी बड़ी चुनौती है।यह तब है जब दुनिया भर में कृषि प्रौद्योगिकी को उन्नत अवस्था में बताया जाता है। कई देशों में अनाज भंडार भरे हुए हैं। ऐसे में दुनिया के किसी कोने में कोई व्यक्ति भूखा रह जाता है, तो इसके जिम्मेदार वे बड़े देश भी हैं, जो खाद्य सहायता कार्यक्रम को आर्थिक सहायता देने से हाथ खींच रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सहायता एजंसी का कहना है कि उसके प्रमुख दानदाताओं, खासकर अमेरिका और प्रमुख पश्चिमी देशों ने अनुदान में भारी कटौती की है। नतीजतन, हैती, सोमालिया, सूडान, कांगो, दक्षिण सूडान और अफगानिस्तान में नागरिकों तक खाद्य सहायता नहीं पहुंच रही और वहां के लोग भुखमरी का सामना करने को लाचार हैं।गरीबी, कुपोषण और भुखमरी से बेहाल देशों की दुर्दशा को संयुक्त राष्ट्र एजंसी के इस कथन से समझा जा सकता है कि हम लाखों लोगों की जीवनरेखा को अपनी आंखों के सामने टूटते हुए देख रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भुखमरी का यह भयावह परिदृश्य है। विज्ञान में इतनी प्रगति के बाद भी भुखमरी आज भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। करीब इकतीस करोड़ से अधिक नागरिक गंभीर रूप से खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। इनमें भी करीब साढ़े चार करोड़ नागरिक आपात स्थिति में पहुंच चुके हैं। सोमालिया में गरीबी और भुखमरी पूरी मानवता को लज्जित करती है। यह नहीं भूलना चाहिए कि कई बड़े राष्ट्र छोटे देशों में संसाधनों का दोहन करते आए हैं। ऐसे में सवाल है कि अंतरराष्ट्रीय खाद्य सहायता कार्यक्रम से पीछे हट रहे बड़े देश आखिर कैसी दुनिया देखना चाहते हैं।




# ओम पर्वत आने वाले तीर्थ यात्रियों ने तोड़ा रिकार्ड

## सीमांत गांवों में रिवर्स पलायन की दृष्टि से धामी सरकार की बड़ी उपलब्धि

धारचूला(उद संवाददाता)। इस वर्ष आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों नें पिछले साल का यात्रियों की संख्या का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पर्यटन विभाग के मिली ये धामी सरकार की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। जानकारी के मुताबिक इस वर्ष अब तक 31598 श्रद्धालुओं नें भोले नाथ के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए आदि कैलाश और प्राकृतिक रूप से बने और व्यास घाटी में होम स्टे कैफे रेस्तरां आदि कारोबार भी खूब चल रहा है। गूंजी को केंद्र सरकार द्वारा वाइब्रेट विलेज घोषित किया है यहां से एक मार्ग आदि कैलाश को और एक मार्ग ॐ पर्वत तक कारोबार बढ़ रहा है। सीएम पुष्कर सिंह धामी कहते है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शनों के बाद से यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही



| SNO | YEAR | COUNT |
|---|---|---|
| 1 | 2025 | 31598 |
| 2 | 2024 | 29352 |
| 3 | 2023 | 10025 |
| 4 | 2022 | 1757 |
| Total | | 72732 |

जानकारी के अनुसार इस वर्ष आदि कैलाश ओम पर्वत यात्रा में पिछले वर्ष से भी ज्यादा यात्री पहुचे हैं। जिससे सीमांत वाइब्रेंट विलेज के साथ साथ अन्य गांवों में भी रोजगार के नए अवसर पैदा हुए और रिवर्स पलायन की दृष्टि से ओम पर्वत के दर्शन किए है। जोकि अभी तक वर्ष 2022 से 2025 तक इन 4 सालो में कुल 72732 श्रद्धालुओं ने भोले बाबा के दर्शन किए थे। व्यास घाटी में लिपू पास तक सड़क बन जाने और आदि कैलाश तक सड़क बन जाने से धारचूला जाता है। यहां इस साल तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की खासी चहल पहल रही है। यहां रहने वाले लोग भी जो कभी मैदानी क्षेत्रों की तरफ चले गए थे अब वापिस व्यास घाटी में आने लगे है। बाइक राइडर्स और छोटे वाहनों के जरिए भी यहां है। शिव उपासना के केंद्र के रूप में ये घाटी शिव भक्तों के साथ साथ एडवेंचर, बाइक राइडर्स के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन रही है।खास बात ये कि स्थानीय लोग आने वाले मेहमान पर्यटकों का दिल से स्वागत करते हैं।

# 51 हजार दीये वितरित कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। दीपावली पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने इस पर्व को देश के शहीदों को समर्पित करते हुए एक प्रेरणादायक का आयोजन कालाढूंगी चौराहे पर स्टॉल लगाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत यातायात निरीक्षक महेश चंद्रा द्वारा दीये वितरित कर की गई। इस सीमाओं पर तैनात रहते हैं। वे अपने घर-परिवार से दूर, कड़ाके की ठंड में, हजारों फीट की ऊंचाई पर देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। हमें यह नहीं होगी उन जवानों के लिए जो हमारे आज के लिए अपना कल न्योछावर कर गए। कार्यक्रम में दीये के पैकेट वितरित करने में कई सदस्यों ने सहयोग किया, जिनमें





पहल की। संस्था द्वारा 'एक दीया शहीदों के नाम' अभियान के तहत 51 हजार मिट्टी के दीये और बत्ती के पैकेट जनमानस को वितरित किए गए, ताकि हर घर में दीपावली की रात एक दीया उन वीर सपूतों की याद में जलाया जा सके, जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। कार्यक्रम अवसर पर संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू और संरक्षक हरीश चन्द पाण्डेय के नेतृत्व में संस्था के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संस्था के कोषाध्यक्ष बलराम हालदार और मार्गदर्शक धर्मपाल ने संयुक्त रूप से कहा कि भारतीय सेना के जवान हमारी रक्षा के लिए कठिन परिस्थितियों में दिन-रात भूलना चाहिए कि हमारी हर त्योहार की खुशी, हर हँसी की वजह वही सैनिक हैं। उनका बलिदान अनमोल है, और इसे स्मरण करना हम सभी भारतीयों का कर्तव्य है। संस्था का मानना है कि हर दीपावली पर देशवासियों को कम से कम एक दीया शहीदों की याद में जरूर जलाना चाहिए। यही सच्ची श्रद्धांजलि प्रमुख रूप से अलका टंडन, पूर्णिमा रजवार, जया जोशी, तारा टकवाल, रिंकी गुप्ता, रेनू कांडपाल, नमन तिवारी, पूनम गुप्ता, योगिता बनोला, सूरज मिस्त्री, दीपा रावत, कुसुम बोरा, वंश प्रजापति, खुशी नागर, मनीष साहू, अमन कुमार, सुशील राय, पंकज कुमार, सूरज कुम्हार, दीपक कुमार, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# राज्य स्थापना दिवस पर विधानसभा का विशेष सत्र 3 और 4 नवंबर को

## सत्र में कुछ बड़े और ऐतिहासिक निर्णय लिए जाने की संभावना

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र आयोजित करने जा रही है। यह विशेष सत्र आगामी 3 और 4 नवंबर को राजधानी देहरादून में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी स्वयं उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने दी। गौरतलब है कि हाल ही में हुई राज्य कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि रजत जयंती वर्ष पर उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किया जाएगा, हालांकि उस समय इसकी तिथि तय नहीं की गई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सत्र की तिथि और स्थान तय करने के लिए अधिकृत किया गया था। इसके बाद शासन की संस्तुति पर विधानसभा सचिवालय ने इस प्रस्ताव को राज्यपाल के पास भेजा और अब राज्यपाल की अनुमति मिलने के साथ ही सत्र की तिथि पक्की कर दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित यह सत्र प्रदेश के लिए विशेष महत्व रखता है। रजत



जयंती वर्ष में आयोजित हो रहे इस विशेष सत्र में कुछ अहम मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी, जो उत्तराखंड को विकास के नए आयाम पर ले जा सकती हैं। साथ ही इस सत्र के दौरान सरकार की ओर से राज्यवासियों के लिए कुछ बड़े और ऐतिहासिक निर्णय भी लिए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, विधानसभा सचिवालय इस विशेष सत्र को लेकर अपनी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचा चुका है और रविवार, 20 अक्टूबर को इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी जाएगी। उत्तराखंड स्थापना दिवस (9 नवंबर) पर प्रदेश सरकार की ओर से भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देहरादून पहुंचकर सैन्यधाम का उद्घाटन करेंगे। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर भी तैयारियां चल रही हैं, हालांकि उनका कार्यक्रम फिलहाल अंतिम रूप में तय नहीं हुआ है। उत्तराखंड, जो 2000 में देश का 27वां राज्य बना था, अब 25 वर्षों की यात्रा पूरी कर रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहा है। यह विशेष विधानसभा सत्र इस ऐतिहासिक पड़ाव पर राज्य की भावी दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हो सकता है।

# किताबें नहीं बंटने पर शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने मांगी एक सप्ताह में रिपोर्ट

देहरादून। उत्तराखंड के सरकारी स्कूलों में छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें बांटने का कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है, जबकि अक्टूबर का महीना समाप्ति की ओर है। कई दूरस्थ और पहाड़ी क्षेत्रों में अब भी छात्र किताबों की राह देख रहे हैं। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी जिलों से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किताबों जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए अभी से पाठ्यपुस्तकों की खरीद प्रक्रिया प्रारंभ की जाए और आगामी एक माह के भीतर टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए, ताकि नए सत्र की शुरुआत में ही छात्रों को किताबें समय से उपलब्ध कराई जा सकें।राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सरकार की ओर से किताबें, अभ्यास पुस्तिकाएं, यूनिफॉर्म, स्कूल बैग और अन्य सामग्री निशुल्क प्रदान की जाती है। यूनिफॉर्म और बैग की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे छात्रों के खातों में भेजी जाती है, जबकि किताबें शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों तक पहुंचाई जाती हैं। शिक्षा मंत्री के पास हाल ही में क्षेत्रीय दौरों के दौरान कई अभिभावकों ने शिकायत की थी कि दूरस्थ क्षेत्रों के कुछ स्कूलों में अभी तक किताबें नहीं पहुंची हैं। इन शिकायतों के आधार पर ही मंत्री ने महानिदेशक शिक्षा को सभी जिलों से स्थिति स्पष्ट करने के लिए रिपोर्ट तलब करने को कहा है। बैठक में शिक्षा मंत्री ने आपदा के कारण क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों के पुनर्निर्माण में हो रही देरी पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आपदा राहत कोष से जिलों को आवश्यक धनराशि जारी कर दी है, इसके बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे कार्यों की ऑनलाइन समीक्षा करते हुए तत्काल प्रभाव से प्रगति सुनिश्चित की जाए। रिक्त पदों को भरने के विषय में भी बैठक में चर्चा हुई। मंत्री ने कहा



कि राज्य में प्राथमिक शिक्षकों के लगभग 2100 पद रिक्त हैं, जिनमें से 451 पदों पर न्यायालय की रोक है। शेष पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अलावा दुर्गम क्षेत्रों में लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों का स्थानांतरण सुगम क्षेत्रों में किया जाएगा, ताकि नई भर्तियों में नियुक्त शिक्षकों को इन दुर्गम क्षेत्रों में तैनात किया जा सके। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती और छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत चयन प्रक्रिया को भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश बैठक में दिए गए। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि शिक्षा विभाग को सभी स्तरों पर सक्रियता और पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और समय बद्ध शैक्षिक सुविधा सुनिश्चित की जा सके।

# धान खरीद नहीं होने पर किसानों ने लगाया जाम

गदरपुर(उद संवाददाता)। कच्चे आढ़ती द्वारा एक ट्राली धान न तोलने के कारण अराजनैतिक किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी ने किसानों के साथ प्रदर्शन करते हुए नवीन अनाज मंडी मे जाम लगा दिया। नवीन अनाज मंडी के दोनों गेट बंद कर दिए गये । नवीन अनाज मंडी में किसानों की ट्रालियों की भारी भीड़ लग गई और रास्ता भी जाम होने लगा । सलविंदर सिंह का कहना था कि एक राइस मिल द्वारा दो ट्राली तोल की थी और एक ट्रॉली वापस कर दी जिसको लेकर कल भी एस एम आई के पास भी विरोध किया था। जिस पर एस एम आई ने कहा था कि वे इसमें कुछ नहीं कर सकते,यह उच्चाधिकारियों का कार्य है,जो भी उच्चाधिकारी कहेंगे उनका पालन किया जाएगा। जबकि शुक्रवार ही सलविंदर सिंह ने कहा था कि हमारा पक्ष नहीं सुना गया तो हम शनिवार को नयी अनाज मंडी में धरना देकर जाम लगाएंगे। शनिवार सुबह से ही किसानो



की भीड़ नई अनाज मंडी में एकत्र होने लगी। और सुबह 9होते-होते किसानों ने अपनी ट्राली नयी अनाज मंडी के मुख्य गेट से अंदर लगा दी,जैसे-जैसे समय बीतता गया किसान एकत्र होते रहे जिसमें किसान यूनियन के दो गुट एकत्र हो गए,तो भारी भीड़ लगने लगी समय गुजरता गया और लगभग 1बज गया लेकिन कोई भी पदाधिकारी मौके पर किसानो की बात सुनने नहीं पहुंचा लगभग 1:30 बजे तहसीलदार लीना चंद्रा/धामी मौके पर पहुंची और किसानों से वार्ता कर मौके की स्थिति की रिपोर्ट एसडीएम को पहुंचाई। जिसका संज्ञान लेकर एसडीएम रिचा सिंह व आर एम ओ लता मिश्रा मौके पर पहुंची और किसानों से वार्ता की,उसके उपरांत आरएमओ लता मिश्रा ने राइस मिलर्स अध्यक्ष अनिल नारंग को मौके पर बुलाया और किसानों और राइस मिलर्स के समक्ष वार्ता की जिसमें काफी समय तक राइस मिलर्स और किसानों में आपसी वार्ता नहीं हो सकी राइस मिलर्स अध्यक्ष अपनी बात पर अडिग थे कि हम सरकार की नीतियों के अनुसार से ही धान तोलेंगे जिसको लेकर काफी कशमकश चलती रही। लेकिन कोई भी नतीजा नहीं निकला जिसको लेकर आर एमओ व एसडीएम अपने साथ राइस मिलर्स को लेकर वार्ता के लिए नवीन मंडी समिति कार्यालय पहुंची स वहीं भारतीय किसान यूनियन नेता विक्रम सिंह गोराया ने कहा कि कच्चे आढ़तियों पर किसानों की ट्रालियां निरंतर तोली जाएं कच्चे आढ़तियों द्वारा किसानों को बेवजह परेशान ना किया जाए सइस मौके पर सलविंदर सिंह कलसी, राजेंद्र सिंह मक्कड़,विक्रम सिंह गोराया, हरपाल सिंह विर्क,हैप्पी विर्क, हरविंदर संध ,गुरजीत विर्क, सुरजीत कुमार,राजेंद्र कंबोज, संजय सिंह,अमन बठला, सुखविंदर सिंह बठला,विनोद गुंबर,अनिल नारंग,धर्मचंद खेड़ा आदि लोग उपस्थित थे

# ईश्वर कॉलोनी में दिवाली नाइट की धूम

रुद्रपुर। ईश्वर कॉलोनी में दीपावली के अवसर पर एक रंगारंग 'दिवाली नाइट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य केवल त्योहार की खुशियां मनाना ही नहीं, बल्कि कॉलोनीवासियों के बीच आपसी सहयोग, सौहार्द और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देना था। इस सांस्कृतिक संध्या की मुख्य अतिथियों के रूप में आशा विरमानी, शारदा नरूला और शशि अरोड़ा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन और आयोजन मनदीप कौर, पवनदीप कौर और जसलीन कौर के कुशल नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और शुभकामनाओं



के आदान-प्रदान से हुई, जिसके बाद एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भांगड़ा, गिद्धा, कविता पाठ, गीत-संगीत, प्रश्नोत्तरी और गतका जैसी आकर्षक प्रस्तुतियों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इस आयोजन ने कॉलोनी में रहने वाले लोगों को एकजुट करने का सफल प्रयास किया और यह साबित किया कि सामूहिकता में ही त्योहारों की असली खुशियां बसती हैं। कार्यक्रम में शशि अरोड़ा, आशा विरमानी, शारदा नरूला, मनदीप कौर, पवनदीप कौर, जसलीन कौर, जीत सिंह, गुरविंदर सिंह, संदीप सिंह, गौरव झाम और सीमा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे हर वर्ष आयोजित करने का सुझाव भी दिया।

# डीएम ने किया मेडिकल कालेज का निरीक्षण

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अंशुल सिंह पांडेखोला स्थित सोबन सिंह जीना राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने मेडिकल कॉलेज के संचालन और मेडिकल कॉलेज के अधीन संचालित बेस अस्पताल के बारे में विभिन्न जानकारियां प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज के स्टाफ, फैकल्टी, अध्ययनरत



स्टूडेंट, बेस अस्पताल की ओपीडी इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारियां प्राप्त की। उन्होंने प्रिंसिपल राजकीय मेडिकल कॉलेज को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बेस अस्पताल में ओपीडी के कार्य निर्धारित समय पर नियत रहे। कहा कि ओपीडी बढ़ाने पर फोकस किया जाए। लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएं। कहा कि संसाधनों का शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। यहां प्रिंसिपल डॉ सीपी भैंसोड़ा, उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार समेत डॉक्टर्स उपस्थित रहे।

# संयुक्त टीम ने किया मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन एवं माननीय अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में सीनियर ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट, ड्रग इंस्पेक्टर पूजा जोशी एवं उप चिकित्सा अधिकारी डा० जयन्त पांगती के साथ 'सुरक्षित दवा-सुरक्षित जीवन' अभियान के क्रम में 17 अक्टूबर, 2025 को एन.टी .डी.चौराहे से बाड़ेछीना तक के विभिन्न मेडिकल स्टोरों का संयुक्त औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक्सपायर्ड दवाईयों की जांच की गयी एवं मेडिकल स्टोर संचालकों के लाइसेंस भी चेक किए गए।उन्होंने बताया कि कुछ मेडिकल स्टोरों में एक्सपायरी बॉक्स नहीं बनाए गए हैं व



कैमरे नहीं लगाये गये है। कुछ मेडिकल स्टोरों में बहुत गंदगी पायी गई व कैश मेमो मैंटेन नहीं होना पाया गया। एक्सपायर्ड डेट की दवाईयां लोगों के लिए बहुत हानिकारक हो सकती है। मेडिकल स्टोरों में नियमानुसार एक्सपायरी बॉक्स बनाने और सभी ग्राहकों को बिल उपलब्ध कराने एवं दुकानों में कैमरा लगवाने आदि निर्देश मेडिकल स्टोर संचालकों को दिए गये। उन्होंने बताया कि 'अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस' के अवसर पर अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति द्वाराहाट, राजेन्द्र कुमार द्वारा ग्राम-भूमकिया में जागरुकता शिविर व हंस फाउंडेशन के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। उपस्थित ग्रामीणों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया व दवाईयां वितरित किये गए। सचिव तहसील विधिक सेवा समिति रानीखेत, जसमीत कौर द्वारा रीना चिल्ड्रन्स अकैडमी में इस अभियान के अनुक्रम में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। अधिकार मित्रों द्वारा भी अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस व 'सुरक्षित दवा-सुरक्षित जीवन अभियान' के क्रम में जागरुकता शिविर, रैली, नुक्कड़ नाटक, स्वास्थ्य शिविर आदि आयोजित किये गए एवं पंपलेट वितरित किये गए।

# दीपावली के मद्देनजर अल्मोड़ा में जिला प्रशासन हुआ सतर्क

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। दीपावली पर्व के दृष्टिगत में जनपद वासियों की सुरक्षा एवं सेहत के दृष्टिगत जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ एक बैठक की। कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने दीपावली पर्व के दौरान नागरिक सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये है कि 108 एम्बुलेंस सेवा, चिकित्सालयों के आपातकालीन वार्ड, ट्रामा और बर्न यूनिट तथा ब्लैड बैंक सहित सभी आपतकालीन सेवाऐं 24 घन्टें तत्पर रखें। साथ ही दीपावली पर्व के दौरान आपातकालीन कवरेज के लिए चिकित्सालयों में पर्याप्त स्टाफ की तैनाती एवं डयूटी रोस्टर तैयार कर लिया जाय। आग, सड़क दुर्घटना या किसी अन्य दुर्घटना की स्थिति में समय पर प्रतिक्रिया के लिए अग्निशमन, पुलिस और परिवहन विभागोंके साथ समन्वय स्थापित करना भी सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने पटाखा बाजारों के संचालन के लिए भी संबंधितों को निर्देश दिए कि पटाखा बाजार नियमों के तहत ही लगाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि पटाखा बाजारों को निर्धारित स्थानों पर ही लगाया जाए । कहा कि इन बाजारों में अग्नि शमन और सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखे जाएं। किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित कार्यवाही की जाए।बैठक में जिलाधिकारी ने फूड सेफ्टी अधिकारी के लिए भी निर्देश जारी किए कि खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की रैंडमली जांच की जाए जिससे जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न हो सके।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नवीन चंद्र तिवारी, प्रिंसिपल राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ सीपी भैंसोड़ा, उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक जीडी जोशी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल, अग्निशमन अधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 29 जुआरी गिरफ्तार, डेढ़ लाख से अधिक की नकदी बरामद

रामनगर। दीपावली पर्व के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रामनगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार देर रात बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कोतवाल सुशील कुमार के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 29 जुआरियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 1,57,000 की नगदी तथा ताश के पत्ते बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार क्षेत्र में जुए के अड्डों पर कार्रवाई हेतु यह अभियान चलाया गया। कोतवाल सुशील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दीपावली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। कोतवाल ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे त्योहार को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर गम्भीरता बरतें अधिकारी: डीएम

बागेश्वर(उद संवाददाता)।कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण विभाग की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि बैठक से पूर्व सभी संबंधित विभागों को एजेंडा साझा किया जाए और उन्होंने यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पूर्व सैनिकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल रहा है या नहीं।वहीं सैनिक कल्याण विभाग के ब्लॉक प्रतिनिधियों को उपजिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पूर्व सैनिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करने के निर्देश दिए गए।बैठक



से पूर्व नवागत जिलाधिकारी का सैनिक सँगठन ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जल संस्थान को कुलवान के कांडपाल तोक की क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत करने, पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता को घाघड़ बाईपास से गंगनाथ मंदिर तक दो किमी सड़क के एस्टीमेट तैयार करने तथा एनएच से देवतोली तक लिंक मोटर मार्ग के डामरीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पूर्व सैनिक के जमीनी विवाद के संबंध में एसडीएम को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी सड़क निर्माणदायी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में कोई भी सड़क 24 घंटे से अधिक बंद नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बैठक में उठाए गए प्रत्येक बिंदु पर नियमित फॉलोअप करते हुए योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने और बैठक से सकारात्मक निष्कर्ष लेते हुए समय से समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विजय मनराल सहित अनेक पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# पत्रकार सुरेन्द्र गिरधर की माता का निधन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पत्रकार सुरेन्द्र गिरधर की माता 92 वर्षीय रामरखी का रविवार की रात्रि निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी मिलते ही नगर एवं पत्रकार जगत में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. रामरखी अपने पीछे



पुत्र पत्रकार सुरेन्द्र गिरधर के साथ ही पुत्र अशोक गिरधर, विजय गिरधर व राकेश गिरधर सहित पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई। उनके निधन की सूचना मिलने पर विधायक शिव अरोरा, विधायक तिलकराज बेहड़, पत्रकार सुरेन्द्र तनेजा, केवल बत्रा, अनिल चौहान, परमपाल सुखीजा, मुकेश गुप्ता, फणीन्द्र गुप्ता, नरेन्द्र राठौर, अरविन्द कुमार, प्रमोद धींगरा, जगदीश चन्द्र, चंदन बंगारी, कंचन वर्मा, रूपेश सिंह, भरत साह, मनोज आर्य, विजय आहूजा, आकाश आहूजा, भास्कर पोखरियाल, बबलू कुमार, विकास कुमार, दुर्गेश तिवारी, दीपक कुकरेजा, सूरज राजपूत, गुरबाज सिंह, गोपाल भारती, सौरभ गंगवार, दीपक गुलाटी, महेन्द्र गाबा, संजीव मलिक, शिव गुम्बर सहित कई लोगों ने उनके आवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया। स्व. रामरखी का स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया जहां विभिन्न संगठनों से जुड़े भारी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

# डीएम ने दी दीपावली पर्व की शुभकामनाएं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने सभी जनपद वासियों को दीपों के त्योहार दीपावली, धनतेरस, गोवर्धन पूजा व भैया दूज की हार्दिक बधाई देते हुए समस्त जनपद वासियों के बेहतर स्वास्थ्य, मंगलमय जीवन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की कि सभी लोग खुशियों के त्योहार को अपने परिवार व बच्चों के साथ मनाए व आतिशबाजी व पटाखे चलाने के दौरान बच्चों पर अधिक ध्यान दें, उनके साथ रहें। उन्होंने सभी जनपद वासियों से इको-फ्रेंडली दीपावली मनाने व एक दिया देश की समृद्धि के नाम जलाने की अपील की । जिलाधिकारी ने सभी जनपद वासियों से वोकल फॉर लोकल खरीदारी करने व सुरक्षित दीपावली त्योहार मनाने की अपील की।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाध्किारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
SANSUI
LLOYD
mi
गुरू मां
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
HOME APPLIANCES
पर पाए ऐसे ऑफर्स,
खरीदे बिना रहा ना जाए
Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, Sony Center- 9927396666, KASHIPUR - Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555,
HALDWANI- Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, 9719077772,
GADARPUR - 9927850999, KICHHA - 7017575920, ALMORA - 7895887544,
LALKUAN - 8923493000, PITHORAGHRH - 9760633187, LOHAGHAT - 9568035735, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.


बंदी छोड़ दिवस दिवाली पर्व दीयां साध संगता नू लख लख वधाइयां
20, 21, 22 व 23 अक्टूबर तक धार्मिक दीवान सजेंगे जिसमें पंथ के प्रसिद्ध रागी,
ढाडी, कविसरी व कथावाचक संगतों को गुरुजस सुनाकर निहाल करेंगे
अमृत संचार - 21 व 22 अक्टूबर को गुरुद्वारा भंडारा साहिब में अमृत संचार होगा
गुरु पंथ के दास
प्रबंधक
9917473403
(महासचिव)
7906091964
(अध्यक्ष)
9927024766
एवं समस्त डायरेक्टर गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब उधम सिंह नगर उत्तराखंड


समस्त
प्रदेशवासियों को
भैयादूज पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाऐं
सीए शिव अरोरा
विधायक,रुद्रपुर विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व
व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश गोयल
अध्यक्ष,उद्योग व्यापार मण्डल
नानकमत्ता साहिब जिला उधमसिंहनगर


मलूक सिंह खिण्डा
नानकमत्ता साहिब जिला उधमसिंहनगर


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व
व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
जसपाल सिंह जस्सी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत देवकली नानकमत्ता ब्लाक सितारगंज


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व
व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रकाश सिंह
प्रकाश बैटरी सर्विस एवं कान्ट्रेक्टर
नगर पंचायत, नानकमत्ता


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व
व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
तरसेम सिंह
पूर्व महामंत्री व्यापार मण्डल नानकमत्ता
एवं सस्ता गल्ला विक्रेता,नानकमत्ता


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाऐं
मानस ढुनेजा
के.वी. इलैक्ट्रीकल्स
विधवानी मार्केट,रुद्रपुर


दीपावली, गोवर्धन पूजा,
गंगा स्नान
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
BABA JI
ADVERTISING
Acrylic Letter Board
Plotter Vinyl Cutting
Steel Letter Board
MDF Board Cutting
Stone Engraving
CNC Router
FLEX I VINYL I DIGITAL PRINT
रविन्द्र चौहान
डायरेक्टर